## अंतरराष्ट्रीय संबंध

### प्रधानमंत्री की नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना की यात्रा

**चर्चा में क्यों?**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 नवंबर, 2024 से तीन देशों - **नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना** की यात्रा पर जाएंगे।

**नाइजीरिया की यात्रा:**

- वे नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनूबू के निमंत्रण पर **16 से 17 नवंबर त**क नाइजीरिया की यात्रा करेंगे।
- यह 17 वर्षों में भारत के किसी प्रधानमंत्री की पहली नाइजीरिया यात्रा होगी।
- यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा करने और द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए आगे के रास्तों पर चर्चा करने के लिए बातचीत करेंगे।

**ब्राजील की यात्रा:**

- प्रधानमंत्री **18 और 19 नवंबर** को **जी20** शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील के रियो डी जेनेरियो की यात्रा करेंगे।

**गुयाना की यात्रा:**

- प्रधानमंत्री मोदी 19 से 21 नवंबर तक गुयाना की राजकीय यात्रा करेंगे।
- गुयाना की यह यात्रा 1968 के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा होगी। पिछले वर्ष गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली इंदौर में 17वें प्रवासी भारतीय दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में भारत आए थे और उन्हें प्रवासी भारतीय सम्मान से भी सम्मानित किया गया था।




## रक्षा एवं सुरक्षा

### सीआईएसएफ की पहली महिला बटालियन

**चर्चा में क्यों?**

गृह मंत्रालय ने **सीआईएसएफ(CISF)** की पहली महिला बटालियन की स्थापना को मंजूरी दे दी है।

**बटालियन के बारे में:**

- यह CISF में "**रिजर्व बटालियन**" नामक एक विशेष महिला इकाई होगी, जिसमें कुल 1,025 कर्मी होंगे, जिसका नेतृत्व एक वरिष्ठ कमांडेंट रैंक का अधिकारी करेगा।
  - मार्च, 2023 में **53वें CISF** दिवस समारोह के अवसर पर गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश के बाद बल में सभी महिला बटालियनों के निर्माण का प्रस्ताव शुरू किया गया था।
- **उद्देश्य:** इसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और राष्ट्रीय सुरक्षा में उनकी भूमिका को बढ़ाना है।
- वर्तमान में, CISF में 12 रिजर्व बटालियन हैं, जिनमें पुरुष और महिला दोनों कर्मी हैं।

**केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल(CISF)**

- केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल केवल तीन बटालियनों की संख्या के साथ कुछ संवेदनशील सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को समेकित सुरक्षा कवर उपलब्ध करवाने के लिए 1969 में अस्तित्व में आया।



## लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल

**चर्चा में क्यों?**

**रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन** (DRDO) ने लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल (LRLACM) का पहला उड़ान परीक्षण किया है।

- यह **12 नवंबर, 2024** को ओडिशा के तट पर चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR) से एक मोबाइल आर्टिकुलेटेड लॉन्चर से किया गया।



**LRLACM के बारे में:**

- इसे एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट, बेंगलुरु द्वारा अन्य DRDO प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के योगदान के साथ विकसित किया गया है।
- इसे मोबाइल आर्टिकुलेटेड लॉन्चर का उपयोग करके जमीन से और यूनिवर्सल वर्टिकल लॉन्च मॉड्यूल सिस्टम का उपयोग करके फ्रंटलाइन जहाजों से लॉन्च करने के लिए कॉन्फ़िगर किया गया है।

### चर्चित व्यक्तित्व

## एलिक्स डिडियर फिल्स-ऐम

**चर्चा में क्यों?**

एलिक्स डिडियर फिल्स-ऐम ने कैरेबियाई देश **हैती** के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली है।



**हैती**




- **हैती 19वीं** सदी की शुरुआत में फ्रांसीसी औपनिवेशिक नियंत्रण और गुलामी से मुक्त होकर दुनिया का पहला अश्वेत नेतृत्व वाला गणराज्य और पहला स्वतंत्र कैरेबियाई राज्य बन गया।
- **राजधानी:** पोर्ट-ऑ-प्रिंस

### सूचकांक एवं रिपोर्ट

## विश्व बौद्धिक संपदा संकेतक (WIPI) 2024

**चर्चा में क्यों?**

विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) ने विश्व बौद्धिक संपदा संकेतक (WIPI) 2024 रिपोर्ट प्रकाशित की है।

**रिपोर्ट से मुख्य निहितार्थ:**

- भारत ने तीनों प्रमुख बौद्धिक संपदा (IP) अधिकारों- पेटेंट, ट्रेडमार्क और औद्योगिक डिजाइनों के लिए वैश्विक शीर्ष 10 में स्थान प्राप्त किया है।
- भारत ने 2023 में पेटेंट आवेदन करने वाले 20 मूल देशों में सबसे तेज़ वृद्धि (+15.7 प्रतिशत) दर्ज की, जो लगातार पाँचवें वर्ष दोहरे अंकों की वृद्धि को दर्शाता है।
- पेटेंट के लिए भारत 64,480 आवेदनों के साथ विश्व स्तर पर छठे स्थान पर है, जिसमें सभी दायर आवेदनों में से आधे से अधिक निवासी (रेजिडेंट) फाइलिंग (55.2 प्रतिशत) हैं।

- भारत 2023 में 6.1% की वृद्धि के साथ, ट्रेडमार्क फाइलिंग में विश्व स्तर पर चौथे स्थान पर है। इनमें से लगभग 90% फाइलिंग निवासियों द्वारा की गई थी, जिसमें स्वास्थ्य (21.9%), कृषि (15.3%), और वस्त्र (12.8%) जैसे प्रमुख क्षेत्र अग्रणी रहे।




## महत्वपूर्ण दिवस/ तिथियाँ

### विश्व मधुमेह दिवस

**चर्चा में क्यों?**

विश्व मधुमेह दिवस (WDD) प्रतिवर्ष 14 नवंबर को मनाया जाता है।

- **उद्देश्य**: मधुमेह के बढ़ते प्रसार और इसके प्रभाव को उजागर करना और लोगों को मधुमेह की रोकथाम के उपायों के बारे में शिक्षित करना।
- **इस दिन का इतिहास:**
  - इसकी स्थापना 1991 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय मधुमेह फाउंडेशन (IDF) द्वारा की गई थी और यह संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव 61/225 के तहत 2006 में आधिकारिक संयुक्त राष्ट्र दिवस बन गया।
  - 14 नवंबर को सर फ्रेडरिक बैंटिंग के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चुना गया था, जिन्होंने 1922 में चार्ल्स बेस्ट के साथ मिलकर इंसुलिन की खोज की थी।
- **थीम 2024:**
  - "बाधाओं को तोड़ना, अंतरालों को पाटना"।




**मधुमेह**

- यह एक ऐसा विकार है जिसमें शरीर हमारे द्वारा खाए जाने वाले भोजन से बनने वाले ग्लूकोज को संसाधित करने और उसका उपयोग करने में विफल हो जाता है।
- मधुमेह मुख्य रूप से तीन प्रकार के होते हैं - टाइप 1 मधुमेह, टाइप 2 मधुमेह और गर्भावधि मधुमेह

## News in Short

- 12 नवंबर, 2024 को बिहार के हाजीपुर को 427 AQI के साथ देश का सबसे प्रदूषित शहर बताया गया है, जबकि चंडीगढ़ 343 AQI के साथ दूसरे स्थान पर है।
- इंडिया गेम डेवलपर कॉन्फ्रेंस का 16वां संस्करण:
  - यह 13 नवंबर, 2024 को हैदराबाद में शुरू हुआ और 15 नवंबर, 2024 तक आयोजित किया जाएगा।
  - आयोजक संस्था: गेम डेवलपर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (GDAI)।